संख्या-136/2020/932/41-2020-74(जि0यो0)/2018

प्रेषक,

ए0पी0 सिंह,
संयुक्त सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

महानिदेशक,
पर्यटन, उ0प्र0
लखनऊ।

पर्यटन अनुभाग **लखनऊ, दिनांक 26 जून, 2020**

विषय:-जनपद मथुरा में बिछुआ कुण्ड गोवर्धन के पर्यटन विकास कार्य की प्रायोजना हेतु जी0एस0टी0 की धनराशि अवमुक्त किये जाने के सम्बन्ध में।

महोदय,

कृपया उपर्युक्त विषयक अपने पत्र सं0-6652/7-1-1(जि0यो0)/जी0एस0टी0/2019, दिनांक 04 मार्च, 2020 का सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें।

2. **जनपद मथुरा में बिछुआ कुण्ड गोवर्धन के पर्यटन विकास कार्य की प्रायोजना हेतु** चयनित कार्यदायी संस्था उ0प्र0 स्टेट कान्स्ट्रक्शन एण्ड डेवलपमेन्ट लि0 (यूपीसिडको) द्वारा गठित आगणन के सापेक्ष वित्तीय वर्ष 2018-19 में राज्य योजना के अन्तर्गत शासनादेश संख्या-50/2019/761/41-2019-74(जि0यो0)/2018 दिनॉक 21 फरवरी, 2019 द्वारा रू0 26.51 लाख की प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति प्रदान की गयी थी। प्रायोजना हेतु अवमुक्त धनराशि के सापेक्ष महानिदेशक पर्यटन द्वारा उपलब्ध कराये गये उपयोगिता प्रमाण-पत्र आदि प्रेषित करते हुए निम्नांकित तालिका में अंकित विवरणानुसार जी0एस0टी0 की धनराशि अवमुक्त किये जाने हेतु प्रस्ताव उपलब्ध कराया गया है:-

(धनराशि रू0 लाख में)

क्र0	**कार्य का नाम**	**प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति**	**जी0एस0टी0 मद में जमा की गयी धनराशि**
1	**2**	**3**	**4**
1	**जनपद मथुरा में बिछुआ कुण्ड गोवर्धन के पर्यटन विकास कार्य के सम्बन्ध में।**	26.51	2.84

3. उक्त प्रस्ताव के क्रम में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि उक्त प्रस्तर-2 में अंकित सारिणी के कॉलम-4 में अंकित जी0एस0टी0 की कुल धनराशि रू0 2.84 लाख (रूपये दो लाख चौरासी हजार मात्र) की वित्तीय स्वीकृति निम्नलिखित शर्तों एवं प्रतिबन्धों के अधीन श्री राज्यपाल सहर्ष प्रदान करते हैं:-

(1) प्रश्नगत परियोजना हेतु अवमुक्त की जा रही धनराशि कार्यदायी संस्था को उपलब्ध कराने के पूर्व यह सुनिश्चित कर लिया जायेगा कि प्रश्नगत परियोजना हेतु शासनादेश संख्या-50/2019/761/41-2019-74(जि0यो0)/2018 दिनॉक 21 फरवरी, 2019 में अंकित शर्तों व प्रतिबन्धों का अनुपालन पूर्णतया करा लिया गया है।

(2) अवमुक्त की जा रही धनराशि का व्यय वित्त विभाग के कार्यालय-ज्ञाप संख्या-1/2020/बी-1-149/दस-2020-231/2020, दिनांक 24 मार्च, 2020 में निहित शर्तों एवं प्राविधानों के अन्तर्गत ही सुनिश्चित किया जायेगा।

(3) प्रायोजना के निर्माण कार्य में वस्तु एवं सेवाकर (जी0एस0टी0) की धनराशि कार्यदायी संस्था को वास्तविक भुगतान के अनुसार नियमानुसार अनुमन्य होगी तथा इस सम्बन्ध में कार्यदायी संस्था द्वारा जी0एस0टी0 भुगतान के सम्बन्ध में प्रामाणिक प्रपत्र सक्षम स्तर से महानिदेशक पर्यटन के माध्यम से शासन को उपलब्ध कराया जायेगा। उक्त के अतिरिक्त लेबरसेस के रूप में प्रदान की गयी धनराशि श्रम विभाग को भुगतान किये

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.nic.in

जाने का प्रमाण पत्र कार्यदायी संस्था से प्राप्त कर शासन को उपयोगिता प्रमाण पत्र के साथ उपलब्ध कराया जाये ।

(4) यह सुनिश्चित किया जायेगा कि उपरोक्तांकित स्वीकृत योजनान्तर्गत कार्यों हेतु किसी अन्य स्रोतों से धनराशि प्राप्त न की गयी हो। यह भी सुनिश्चित किया जायेगा कि इस योजना की वर्तमान तथा भविष्य में अन्य योजनाओं में द्विरावृत्ति/पुनरावृत्ति न हो और इसके रख-रखाव हेतु राज्य सरकार के ऊपर व्यय-भार न पड़े। कार्यदायी संस्था से कार्य की समाप्ति के पश्चात सम्प्रेक्षित लेखे अनिवार्य रूप से प्राप्त कर शासन को उपलब्ध कराया जाय।

(5) महानिदेशक पर्यटन द्वारा कार्यदायी संस्था से कार्य पूर्ण होने के सम्प्रेक्षित लेखे अवश्य प्राप्त किये जायेंगे।

(6) प्रश्नगत स्वीकृति महानिदेशक पर्यटन विभाग द्वारा उपलब्ध करायी गयी सूचना के आधार पर दी जा रही है। यदि मानक के सम्बन्ध में कोई सूचना गलत पायी जाती है तो उसका उत्तदायित्व आपका होगा।

4. प्रस्तर-3 में प्रदान की जा रही वित्तीय स्वीकृति की धनराशि पर होने वाला व्यय चालू वित्तीय वित्तीय वर्ष 2020-21 के आय-व्ययक में अनुदान संख्या-44 के अन्तर्गत लेखाशीर्ष-5452-पर्यटन पर पूंजीगत परिव्यय-80-सामान्य-104-संवर्धन तथा प्रचार-09-पर्यटन स्थलों का विकास-24-वृहत् निर्माण कार्य के नामे डाला जायेगा।

5. यह आदेश वित्त विभाग के अशासकीय संख्या ई-7-592/दस-2020 दिनांक 25 जून 2020 में प्राप्त उनकी सहमति से जारी किये जा रहे हैं।

भवदीय,

(ए0पी0 सिंह)
संयुक्त सचिव।

संख्या-136/2020/932(1)/41-2020-74(जि0यो0)/2018 तद्दिनॉक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:-

1- प्रधान महालेखाकार (लेखा एवं हकदारी) प्रथम/द्वितीय, उ0प्र0, प्रयागराज।
2- महालेखाकार (लेखा-परीक्षा) प्रथम/द्वितीय, उ0प्र0, प्रयागराज।
3- जिलाधिकारी, मथुरा।
4- मुख्य कोषाधिकारी, जवाहर भवन, लखनऊ।
5- संयुक्त निदेशक, पर्यटन निदेशालय, लखनऊ।
6- वित्त नियंत्रक, पर्यटन निदेशालय, लखनऊ।
7- प्रबन्ध निदेशक, उत्तर प्रदेश स्टेट कॉन्स्ट्रक्शन एण्ड इन्फ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेण्ट कारपोरेशन लि0, लखनऊ।
8- अधिशाषी अभियन्ता, यूपीसिडको, मथुरा।
9- वित्त (व्यय) नियंत्रण अनुभाग-7
10- उप निदेशक, पर्यटक आगरा।
11- वेब अधिकारी, पर्यटन विभाग।
12- गार्ड-फाइल। आज्ञा से,

आज्ञा से

(ए0पी0 सिंह)
संयुक्त सचिव।

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.nic.in